दिन– रविवार | दिनांक– 02 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक कर रहे हैं जनसभाएं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में रोड शो किया।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वैशाली के महुआ में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा –बिहार में मुख्यमंत्री और दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बेगूसराय और मोकामा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

04. और, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा– बिहार चुनाव में हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के स्टार प्रचारक जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कई स्थानों पर आज नेताओं ने अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो भी किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना में रोड–शो किया। श्री मोदी ने सबसे पहले दिनकर गोलम्बर पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री का लगभग तीन किलोमीटर लम्बा रोड शो शुरू हुआ। यह रोड शो राजेन्द्र नगर स्थित दिनकर गोलम्बर से शुरू होकर नाला रोड, ठाकुरबाड़ी रोड, बारी पथ और बाकरगंज होते हुये गांधी मैदान के निकट उद्योग भवन पर समाप्त हुआ। रोड शो में जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह, भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित अन्य शामिल हुये। पटना में जगह–जगह बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गयी थी, जिससे लोगों ने प्रधानमंत्री के रोड शो को देखा। रोड शो को लेकर पटना के लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। रोड शो के विभिन्न मार्गों पर लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत पुष्प वर्षा कर की। इस रोड शो के जरिये प्रधानमंत्री ने पटना जिले की चौदह विधानसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों को वोट करने की अपील की।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का रोड शो ऐतिहासिक रहा। श्री जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास है।

———बाईट———

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो में लोग जिस तहर उत्साहित थे, यह इस बात का प्रमाण है कि श्री मोदी आज भी देश के लोकप्रिय नेता है।

———बाईट———

भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भोजपुर जिले के आरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुये आरोप लगाया कि महागठबंधन का घोषणापत्र झूठ से भरा दस्तावेज है।

———बाईट———

श्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने राजद के जंगलराज से प्रदेश को निकाल कर विकास के मार्ग पर प्रशस्त किया है। उन्होंने जनता से एनडीए को एक बार फिर जिताने की अपील की।

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वैशाली के महुआ में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री और दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है। श्री शाह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव का मुख्यमंत्री बनने का सपना पूरा नहीं होगा।

———बाईट———

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुंगेर के तारापुर और सहरसा के नौहट्टा में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लगातार काम किया है।

———बाईट———

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दरभंगा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में दावा किया कि बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। श्री यादव ने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने

बेगूसराय में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम होगा।

———बाईट———

महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज नालंदा और मोकामा में चुनाव सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र राज्य के युवाओं, कियानों और गरीबों के उत्थान को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर युवाओं को बिहार में ही नौकरी के अवसर उपलबध कराये जायेंगे।

———बाईट———

इधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीतामढ़ी में राजद प्रत्याशी सुनील कुशवाहा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री यादव ने केंद्र और बिहार की एनडीए सरकार को जुमलेबाजी वाली सरकार करार देते हुए लोगों से महागठबंधन को जिताने की अपील की।

————————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार चुनाव में हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री कुमार ने कानपुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आयोग पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार की जनता से चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की।

———बाईट———

————————————————————————————

मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या मामले में जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह को आज पटना के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने अनंत सिंह को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने कल देर रात बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढना से अनंत सिंह को गिरफ्तार किया था। इधर, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि सभी तथ्यों की गहराई से जांच के बाद अनंत सिंह की गिरफ्तारी की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि इस मामले में अब तक अस्सी से अधिक गिरफ्तारी हो चुकी है।

———बाईट———

————————————————————————————

लोजपा, रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत काम किया है। श्री पासवान ने कहा कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा और अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दिकी ने दुलारचंद यादव की हत्या को बिहार में एनडीए के शासन में सरकार प्रायोजित और समर्थित जंगलराज का उद्हारण करार दिया है। श्री सिद्दिकी ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू यादव के सामाजिक न्याय की सरकार को जंगलराज बताने वाले एनडीए के नेताओं को इसका जवाब देना चाहिएं।

————————————————————————————

राज्य में आदर्श संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने अब तक एक सौ चार करोड़ रूपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। इसमें इकतालीस करोड़ इकसठ लाख रुपये मूल्य की शराब और इक्कीस करोड़ छियासठ लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मतददाताओं को लुभाने के लिए एकत्र की गई पच्चीस करोड़ चौवालीस लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। इसके अलावा नौ करोड़ बासठ लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

————————————————————————————

सोनपुर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुय रेलवे ने सोनपुर से छपरा के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन पांच और छह नवम्बर को सोनपुर से रात बारह बज कर पन्द्रह मिनट पर खुलेगी और देर रात ढ़ाई बजे छपरा पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन छपरा से तड़के तीन बजकर पैंतालीस मिनट पर खुलेगी और छह बजकर अड़तीस मिनट पर सोनपुर पहुंचेगी।

————————————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, यूआईडीएआई ने लोगों को अपने आधार कार्ड में अपडेट की घर बैठे सुविधा उपलब्ध करा दी है। प्राधिकरण ने कहा है कि कोई भी नागरिक माई आधार पोर्टल पर जाकर अपने नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाईल नम्बर जैसी जानकारी को ऑनलाइन अपडेट कर सकता है। यह सुविधा चौदह जून दो हजार छब्बीस तक मुफ्त रहेगी। इसके बाद पचहत्तर रुपये का शुल्क देना होगा।

यूआईडीएआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो अपडेट के लिए कार्ड धारक को ऑफलाइन आवेदन ही करना होगा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर। एनडीए और महागठबंधन समेत विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक कर रहे हैं जनसभाएं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में रोड शो किया।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वैशाली के महुआ में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा –बिहार में मुख्यमंत्री और दिल्ली में प्रधानमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है।

03. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बेगूसराय और मोकामा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

04. और, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा– बिहार चुनाव में हिंसा को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।